**AMITABH CHOUDHARY INSPIRES YOUNG MINDS OF ICFAI UNIVERSITY JHARKHAND**

**Press Clippings:** 23-Aug-13

हिन्दुस्तान • रांची • शुक्रवार • 23 अगस्त 2013 4

## इक्फाई के छात्रों को व्याख्यान

रांची। कठिन परिश्रम, सटीक विकल्प तलाश व राष्ट्रीय महत्व पर जेएससीए अध्यक्ष अमिताभ चौधरी ने इक्फाई विश्वविद्यालय के छात्रों को व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्रों से खेल-कूद आदि में भाग लेने का आह्वान किया। विवि के एसोसिएट डीन प्रो एएस प्रसाद और कुलपति ओआरएस राव ने चौधरी का स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ केके नाग, डॉ बीएम सिंह, प्रो मदन प्रसाद विवि के सदस्य छात्र और उनके अभिभावकों ने भाग लिया।



इक्फाई विवि में बोलते अमिताभ चौधरी।

प्रभात खबर रांची, शुक्रवार 23 अगस्त, 2013 05

## इक्फाइ विवि में अतिथि व्याख्यान

रांची ■ इक्फाइ विवि में जेएससीए के अध्यक्ष अमिताभ चौधरी ने विद्यार्थियों से कठिन परिश्रम, सटीक विकल्प की तलाश व राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर सक्रिय भागीदारी का सुझाव दिया. उन्होंने छात्रों के चौतरफा विकास के लिए छात्रों को खेलकूद में भाग लेने का आह्वान किया. श्री चौधरी 22 अगस्त को अतिथि व्याख्यान के तहत विवि के विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे. श्री चौधरी ने कहा कि रांची में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल का आयोजन कराना खाली कागज पर एक कहानी की पटकथा की तरह है. इससे पूर्व एसोसिएट डीन प्रो एएस प्रसाद ने आगंतुकों का स्वागत किया. इस अवसर पर कुलपति प्रो ओआरएस राव, डॉ केके नाग, डॉ बीएम सिंह, प्रो मदन प्रसाद व अन्य उपस्थित थे.

दैनिक भास्कर रांची. शुक्रवार. 23 अगस्त, 2013 5

## इक्फाई यूनिवर्सिटी में व्याख्यान

रांची | स्टूडेंट्स यदि लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें, तो सफलता अवश्य मिलेगी। पढ़ाई के साथ-साथ राष्ट्रीय महत्व की गतिविधियों में छात्रों को अवश्य भाग लेना चाहिए। इससे व्यक्तित्व विकास में वृद्धि होती है। यह बातें अमिताभ चौधरी ने कहीं। वे गुरुवार को इक्फाई यूनिवर्सिटी में व्याख्यान दे रहे थे। मौके पर वीसी डॉ. प्रो. ओएस राव, प्रो. एएस प्रसाद, डॉ. केके नाग समेत अन्य शिक्षाविदों ने अपने विचार रखे।

the pioneer 03

RANCHI | FRIDAY | AUGUST 23, 2013

## JSCA PRESIDENT VISITS ICFAI UNIVERSITY



ICFAI University Jharkhand (IUJ) on Thursday organised a Guest Lecture by Jharkhand State Cricket Association (JSCA) President Amitabh Choudhary. Choudhary told the students, "Hosting the first ODI in Ranchi was like scripting a story on a blank paper. However hard one tries, the wrong lines will remain visible so every effort should be made to come up with a picture-perfect presentation."

सन्मार्ग
रांची, शुक्रवार, 23 अगस्त 2013 | 05
www.sanmargjharkhand.com

## इक्फाई विवि में व्याख्यान



इक्फाई विवि में व्याख्यान देते जेएससीए अध्यक्ष अमिताभ चौधरी व अन्य।

**रांचीः** इक्फाई विवि में गुरुवार को व्याख्यान का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जेएससीए के अध्यक्ष अमिताभ चौधरी उपस्थित थे। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, सटीक विकल्प तलाश और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर सक्रिय भागीदारी का सुझाव दिया। श्री चौधरी ने छात्रों को खेल-कूद के कार्यक्रमों में भी भाग लेने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में उपस्थित संस्थान के कुलपति प्रो.ओआरएस राव ने रांची में अंतरराष्ट्रीय मैच करवाने के लिए श्री चौधरी को बधाई दी है। इस अवसर पर डॉ.केके नाग, डॉ.बीएम सिंह, प्रो.मदन प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

THE TELEGRAPH RANCHI FRIDAY 23 AUGUST 2013 9

## Lecture

**Ranchi:** ICFAI University, Jharkhand, hosted a guest lecture on Thursday of JSCA president Amitabh Choudhary on its Ashok Nagar campus. Addressing students, Choudhary said hosting the first ODI in Ranchi was like "scripting a story on a blank page". "However hard one tries, the wrong lines remain visible. So every effort should be made to come up with a picture-perfect presentation," he added.

रांची एक्सप्रेस 3
रांची, शुक्रवार 23 अगस्त 2013

## छात्र खेलकूद में भाग लें : अमिताभ चौधरी

रांची, 22 अगस्त (रां.ए.सं.) : इक्फाई विवि झारखण्ड में आज आयोजित एक कार्यक्रम में झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अमिताभ चौधरी ने छात्रों को आह्वान किया कि वे खेलकूद में भाग लें। छात्रों के चौतरफा विकास के लिए खेलकूद अहम है। उन्होंने छात्रों को कठिन परिश्रम करने व राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर सक्रिय रूप से भागीदारी का सुझाव दिया। अपने संबोधन के दौरान श्री चौधरी ने कहा कि रांची में पहला वनडे क्रिकेट मैच का आयोजन खाली कागज पर एक कहानी की पटकथा की तरह थी। इस मौके पर कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने कहा कि यह 'योजना व त्रुटिहीन कार्यान्वयन' विषय पर उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए अध्ययन का विषय है।